दिन– गुरूवार    दिनांक– 30 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– प्रातः 08.48 बजे से।    अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में बिहार की आठ महिलाओं की मौत।

02. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में हुई भगदड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए। मृतकों के परिजनों को पच्चीस–पच्चीस लाख रूपये सहायता राशि देने की घोषणा।

03. पटना में भीषण जाम की समस्या को देखते हुए गांधी सेतु पर वाहनों के परिचालन की व्यवस्था में बदलाव। अब सेतु पर रात बारह से तीन बजे के बीच ही भारी वाहनों का होगा परिचालन।

04. और, देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार का खाता खुला। अपराजिता मिश्र ने वुशू में कांस्य पदक जीता।

———————————————————————————

प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में बिहार की आठ महिलाओं की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतकों में गोपालगंज की चार, औरंगाबाद की दो तथा मुजफ्फरपुर और पटना की एक–एक महिला शामिल हैं। गोपालगंज की दो महिलाओं के घायल होने की भी खबर है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मृतकों के शवों को उनके पैतृक गांव भेजा जा रहा है।

———————————————————————————

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में हुई भगदड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने घटना में जान गंवाने वाले प्रत्येक मृतक के परिवार को पच्चीस–पच्चीस लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की। ब्यौरा हमारे संवाददाता से...

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

संसद के बजट सत्र से पहले सरकार ने आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक बुलाई है। इस दौरान, सरकार सदन के नेताओं के साथ चर्चा करेगी और सत्र के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न दलों का सहयोग मांगेगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में मधेपुरा जिले में विभिन्न विकास योजनाओं का उद्‌घाटन और शिलान्यास करेंगे। और ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता।

———बाईट———

मुख्यमंत्री आज अपनी प्रगति यात्रा के क्रम में मधेपुरा जिले को दो सौ अट्‌ठासी करोड़ रूपये से अधिक की सैंतीस योजनाओं की सौगात देंगे। श्री कुमार जिले के रसलपुर धुरिया पंचायत के कलासन गांव में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण करेंगे। साथ ही वे स्थानीय लोगों और जीविका दीदियों के साथ संवाद भी करेंगे। मुख्यमंत्री का अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करने का भी कार्यक्रम है। इधर, मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा–व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। सुरक्षा को लेकर एक सौ अंठावन दंडाधिकारियों के नेतृत्व में छह सौ पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। वहीं, स्टेट हाई–वे अंठावन पर शाम पांच बजे तक भारी वाहनों का परिचालन रोक दिया गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए मधेपुरा से मनीष कुमार वत्स।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने समस्तीपुर, मधुबनी, अररिया और कैमूर जिले में सड़कों की मरम्मत और रखरखाव के लिए एक सौ सोलह करोड़ पैंतालीस लाख रूपये की राशि खर्च करने की मंजूरी दी है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत इस राशि से लगभग साठ किलोमीटर लम्बी सड़कों का रखरखाव होगा।

———————————————————————————

पटना में भीषण जाम की समस्या को देखते हुए गांधी सेतु पर वाहनों के परिचालन की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि अब सेतु पर रात बारह से तीन बजे के बीच तीन घंटे ही भारी वाहनों का परिचालन होगा। उन्होंने बताया कि इस अवधि में सिर्फ पांच सौ बालू लदे ट्रकों को ही सेतु से पार करने की अनुमति होगी। पहले सेतु से रात के ग्यारह बजे से सुबह पांच के बीच भारी वाहनों का परिचालन किया जाता था।

———————————————————————————

मुंगेर और खगड़िया के बीच गंगा नदी पर बने श्रीकृष्ण सेतु पर निरीक्षण कार्य के चलते आज और कल कुछ समय के लिए वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार आज दिन के ग्यारह बजे से बारह बजकर तीस मिनट तक और दो बजे से शाम चार बजे तक वाहनों का परिचालन नहीं होगा। वहीं, कल सुबह आठ बजे से नौ बजकर तीस मिनट तक तथा ग्यारह बजे से दोपहर एक बजे तक सेतु पर वाहन नहीं चलेंगे।

———————————————————————————

बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने अवैध रूप से गाड़ियों पर प्रेस और पुलिस लिखकर चलने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

डीजीपी ने अपने आदेश में कहा है कि प्रेस, पुलिस, आर्मी या अन्य सांकेतिक शब्द लिखे वाहनों की सूक्ष्मता से जांच की जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने ग्रामीण कार्य विभाग में सहायक अभियंता के पदों पर की जा रही नियुक्ति पर रोक लगा दी है। न्यायाधीश हरीश कुमार की एकल पीठ ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुये राज्य सरकार और बीपीएससी को इस मामले में हलफनामा दायर करने का आदेश दिया है। याचिका में गेट स्कोर के आधार पर सहायक अभियंताओं की नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन को चुनौती दी गयी है।

———————————————————————————

राज्य के आंगनबाड़ी केंद्रों पर अब चेहरे की पहचान कर बच्चों को पोषाहार मिलेगा। समेकित बाल विकास परियोजना निदेशालय के निदेशक कौशल किशोर ने बताया कि अप्रैल महीने से आंगनबाड़ी केंद्रों पर फेस रिकग्नाइज सिस्टम की व्यवस्था लागू होगी। उन्होंने बताया कि इसका उद्देश्य पोषाहार वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता को रोकना है।

———————————————————————————

उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार की टीम ने कांस्य पदक के साथ अपना खाता खोला है। मुजफ्फरपुर की अपराजिता मिश्र ने वुशू की नानक्वान स्पर्धा में कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। खेल मंत्री सुरेन्द्र मेहता, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्रन शंकरण समेत कई गणमान्य लोगों ने अपराजिता को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी है। इधर, रग्बी प्रतियोगिता में राज्य की टीम का मिला–जुला प्रदर्शन रहा। इस स्पर्धा में महिला टीम ने केरल को चौवन–शून्य और तमिलनाडु को अठारह–शून्य से पराजित किया। दूसरी तरफ पुरूष वर्ग में बिहार और बंगाल के बीच मैच बराबरी पर रहा। वहीं, ओडिशा से बिहार को हार का सामना करना पड़ा।

———————————————————————————

देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी सतहत्तरवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

——म्यूजिक——

इस दिन को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। आज ही के दिन उन्नीस सौ अड़तालीस में महात्मा गांधी की हत्या कर दी गयी थी। इस अवसर पर दिल्ली में राष्ट्रपिता की समाधि राजघाट पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया जा रहा है। पटना में गांधी घाट पर आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश

कुमार राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। हुतात्माओं के प्रति श्रद्धांजलि के लिए पूर्वाह्न दस बजकर सैंतालीस मिनट पर सायरन बजेगा। पूर्वाह्न दस बजकर उनचास मिनट पर दूसरी सायरन ध्वनि के प्रसारित होने के साथ ही मौन भंग किया जाएगा।

———म्यूजिक———

———————————————————————————

बोध गया में कल से बौद्ध महोत्सव की शुरूआत हो रही है। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने बताया कि इस महोत्सव में फिल्म और कला महोत्सव के कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से—

———बाईट———

दो फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। महोत्सव में शामिल होने के लिए जापान, थाईलैंड, बांगलादेश, वियतनाम, तिब्बत, कम्बोडिया, कोरिया और म्यांमार समेत कई अन्य देशों से बौद्ध भिक्षु बोधगया आये हैं। इस बीच, इस महोत्सव की शुरूआत से पहले कल ढूंगेश्वरी पहाड़ी से महाबोधि मंदिर तक ऐतिहासिक ज्ञान पद यात्रा का आयोजन किया गया। नौ किलोमीटर लम्बी इस यात्रा में एक हजार से अधिक बौद्ध भिक्षु और आमलोग शामिल हुए। इस यात्रा का मकसद ज्ञान पथ पर चलकर विश्व को मानवता और भाईचारे का संदेश देना था। आकाशवाणी समाचार के लिए बोधगया से धर्मवीर भारती।

———————————————————————————

प्रदेश के मौसम में उतार—चढ़ाव का सिलसिला जारी है। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में आज भी घने कुहासे की स्थिति बनी हुई है। वहीं, राज्य के दक्षिणी हिस्सों में अच्छी धूप खिलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। इधर, मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चार दिनों तक मौसम में किसी बड़े परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न भागों के तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है।

———————————————————————————

आरा नगर थाना क्षेत्र के गौसगंज मोहल्ला में पुलिस ने छापेमारी कर सात सौ अठहत्तर ग्राम मादक पदार्थ हेरोईन बरामद की है।

———————————————————————————

अररिया की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में दोषी आमीर आलम को छह वर्ष कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————

औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के मलहारा टोला सरदारी बीघा में एक ट्रक की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की घटनास्थल पर मौत हो गई।

———————————————————————————

नवादा साईबर पुलिस ने डिजिटल अरेस्ट कर एक व्यक्ति से लाखों रूपये ठगी करने के मामले में एक बैंक कर्मी को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

राजस्व आसूचना निदेशालय की टीम ने विदेशी सिगरेट की तस्करी करने वाले एक गिरोह के सरगना मोहम्मद रिजवान को मुजफ्फरपुर से गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

जमुई पुलिस ने पच्चीस हजार रूपये के ईनामी अपराधी प्रमोद कुमार को झारखंड की सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के दिन हुये हादसे से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– अमृत स्नान से ठीक पहले ही भगदड़ में तीस श्रद्धालुओं की मौत साठ घायल।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– हादसे के बाद एक्शन, कुम्भ में वीआईपी प्रोटोकॉल पर रोक, सरकार का पूरा फोकस अब श्रद्धालुओं को निकालने पर।

दैनिक जागरण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है– गोगाबिल झील बनेगी पर्यटन स्थल।

प्रभात खबर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– दो लाख अट्ठाईस हजार किसानों को खराब हुई फसल का मिलेगा मुआवजा।

राष्ट्रीय सहारा ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के एक फैसले को प्रमुखता देते हुये लिखा है– विवाह पवित्र बंधन, सालभर में नहीं तोड़ सकते।

आज अखबार की सुर्खी है– सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपी संजीव मुखिया के खिलाफ इश्तेहार जारी।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में बिहार की आठ महिलाओं की मौत।

02. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुम्भ में हुई भगदड़ की घटना की न्यायिक जांच के आदेश दिए। मृतकों के परिजनों को पच्चीस–पच्चीस लाख रूपये सहायता राशि देने की घोषणा।

03. पटना में भीषण जाम की समस्या को देखते हुए गांधी सेतु पर वाहनों के परिचालन की व्यवस्था में बदलाव। अब सेतु पर रात बारह से तीन बजे के बीच ही भारी वाहनों का होगा परिचालन।

04. और, देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में बिहार का खाता खुला। अपराजिता मिश्र ने वुशू में कांस्य पदक जीता।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।